# डीबी डिजिटल मीडिया

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-09 ■ बालोद, सोमवार 25 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


# तीन दिनों का तीजा व्रत होगा आज से शुरू, करु भात खाकर अगले 36 घंटे बिना अन्न जल के करेंगे व्रत

## पति की दीर्घायु के लिए होगी प्रार्थना, शिव पार्वती के मिलन का है प्रतीक, देखिए तीजहारीन महिलाओं की क्या है राय?





आज करु भात में करेले की सब्जी खाएंगी व्रत रखने वाली महिलाएं

*डिजिटल मीडिया*

*नगर पालिका बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि हर साल मैं तीजा का उपवास रहती हूं। मायके धमतरी है चूंकि अब नगर पालिका अध्यक्ष भी बन चुकी हूं तो एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी एक जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इसलिए इस साल तो तीज पर मैं मायके नहीं जा पा रही हूं। पर अपने ससुराल बालोद में ही रहकर मैं तीजा मना रही हूं। हर सुहागिन महिलाओं को यह व्रत रखना चाहिए। पति की दीर्घायु की कामना के साथ रिश्तो की मजबूती के लिए भी यह व्रत जरूरी है।*



प्रतिभा चौधरी



**दंतेश्वरी निषाद (विधायक कुंवर निषाद की पत्नी)** ने कहा कि अपने पति के साथ हर साल विगत कई वर्ष से मैं अर्जुंदा में सामूहिक करू भात का आयोजन करवा रही हूं। सभी बहन, भाभियों, देवरानी जेठानी के साथ मिलकर इस तीज महोत्सव को संपन्न करते हैं। पति की दीर्घायु की कामना लेकर हम सभी तीजा का उपवास रहते हैं जो की काफी कठिन उपवास भी है। इस दौरान हमें 36 घंटे बिना किसी अन्न जल के रहना पड़ता है।



**जनपद सदस्य दमयंती सुभाष हरदेल** ने कहा कि 1992 में जब शादी हुई तब से आज तक मैं तीजा का उपवास रखती आ रही हूं। एक भी वर्ष मैंने अंतराल नहीं किया। पति की दीर्घायु और सलामती के लिए यह उपवास हर सुहागन महिलाओं को रखना चाहिए। करु भात खाकर इस व्रत की शुरुआत हो जाती है।



**गुरूर जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू** ने कहा कि हिंदू मान्यता के अनुसार पति की लंबी आयु और मनचाहा वर पाने के लिए हरतालिका तीज का व्रत निर्जल रखा जाता है. यदि आप हरतालिका तीज की पूजा को प्रातःकाल के शुभ मुहूर्त में किसी कारण न कर पाएं तो आप प्रदोष काल में इस पूजा को करके पुण्यफल प्राप्त कर सकती हैं.



**गुरूर जनपद सदस्य लता लक्ष्मी चंद साहू** ने कहा कि हरतालिका तीज पर रेत, मिट्टी, गोबर, शहद आदि से बनाए गये शिव-पार्वती के पार्थिव प्रतिमा की पूजा का विधान है. शिव पार्वती की विधि-विधान से पूजा करने के बाद इस व्रत का गुणगान करने वाली हरतालिका व्रत कथा जरूर कहें या सुनें.



**गुरूर जनपद सदस्य तारा ताम्रध्वज यादव** ने कहा कि हरतालिका तीज व्रत वाले दिन गेहूं का दान करने से इस व्रत का पुण्यफल और भी ज्यादा बढ़ जाता है. हरतालिका तीज के दिन खाली समय में भगवान शिव के मंत्रों का जाप करें.



**भाजपा मंडल डौंडी लोहारा की अध्यक्ष कुसुम शर्मा** ने कहा कि पंचांग के अनुसार इस साल अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिलाने वाला हरतालिका तीज व्रत 26 अगस्त 2025 को रखा जाएगा. इस दिन महादेव और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करने के लिए सुहागिनों को प्रातःकाल 05 बजकर 56 मिनट से लेकर 08 बजकर 31 मिनट तक यानि लगभग ढाई घंटे का शुभ समय मिलेगा.



दीपा साहू

**भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष दीपा साहू** ने कहा कि हरियाली तीज सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आती है. इस त्योहार सावन के महीने की हरियाली मौसम के कारण इसका नाम हरियाली तीज कहलाता है. इस तीज का व्रत नवविवाहित महिलाओं के लिए होता है. इसे शिव-पार्वती के मिलन का प्रतीक माना जाता है.



कुंती ताम्रज सिन्हा

**गुरुर नगर पंचायत की उपाध्यक्ष कुंती ताम्रज** सिन्हा ने कहा कि पौराणिक कथा के मुताबिक, इस दिन माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या पूरी की थी. हर सुहागिन महिलाओं को अपने जीवन भर यह व्रत रखना चाहिए।

**नर्रा निवासी शिक्षिका भारती देवी साहू** ने कहा तीज व्रत में सुहाग की सामग्री (जैसे चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी,



भारती देवी साहू

आदि) का दान जरुर किया जाता है. हरतालिका तीज अखंड सौभाग्य लाता है, ऐसे में कहा जाता है सुहागिन को सुहाग सामग्री दान करने पर शिव पार्वती आपके सुहाग की रक्षा करते हैं. लंबी उम्र मिलती है. हरतालिका तीज पर फल, खीरा, नारियल का दान भी किया जाता है.


रानी राजेंद्र सिन्हा

**सिर्राभांठा की रानी राजेंद्र सिन्हा** ने कहा कि गांव में हम मिलकर सामूहिक करू भात का आयोजन करते हैं. यह पल हमेशा स्मरणीय रहता है। तीजा का व्रत पूरा करने के लिए हर साल में नवी मुंबई से अपने गांव आती हूं । इस व्रत को करने से पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है।


धनेश्वरी नरेंद्र सिन्हा

**पूर्व जिला पंचायत सभापति धनेश्वरी नरेंद्र सिन्हा** ने कहा कि हिन्दू मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने सर्वप्रथम यह व्रत रखा था और भगवान शिव को प्राप्त किया था. दरअसल शिवजी का रहन-सहन और उनकी वेशभूषा राजा हिमाचल को बिल्कुल भी पसंद नहीं था. राजा हिमाचल ने इस बात की चर्चा नारद जी से की. इस पर उन्होंने उमा का विवाह भगवान विष्णु से करने की सलाह दी. वहीं, माता पार्वती भगवान शिव को पहले ही अपने मन में अपना पति मान लिया था.


मंजू संजय बैस

**कुसुमकसा की जनपद सदस्य मंजू संजय बैस** ने कहा कि माता पार्वती की सखियां उनका अपहरण करते जंगल ले गईं जिससे उनका विवाह विष्णुजी से न हो पाए. सखियों के माता पार्वती का हरण करने पर ही इस व्रत का हरतालिका तीज पड़ गया. शिव को पति के रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने जंगल में तप किया और फिर शिवजी ने उन्हें दर्शन दिए और माता पार्वती को उन्होंने पत्नी के रूप में अपना लिया.


पूजा वैभव साहू

**जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू** ने करु भात को लेकर कहा कि तीज उपवास से पहले करेला इसलिए खाते हैं क्योंकि छत्तीसगढ़ में इसे 'कड़वा भात' (करू भात) कहा जाता है, जिससे प्यास कम लगती है और मन की कड़वाहट व शुद्धता का प्रतीक माना जाता है, जो निर्जला उपवास के लिए तैयारी का हिस्सा है.


लोकेश्वरी गोपी साहू

**नगर पंचायत डौंडी लोहारा के पूर्व अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू** ने कहा कि मान्यता है कि करेला खाने से पूरे दिन प्यास नहीं लगती है, जिससे निर्जला व्रत रखना आसान हो जाता है. करेला अपनी कड़वाहट के लिए जाना जाता है. इस कड़वाहट को मन की शुद्धता और शांति से जोड़कर देखा जाता है, जो व्रत के लिए आवश्यक मानी जाती है.


महेश्वरी यादव

**जुंगेरा की शिक्षिका महेश्वरी यादव** ने कहा करु भात छत्तीसगढ़ में हरतालिका तीज या तीज व्रत से एक दिन पहले की एक खास परम्परा है, जहां महिलाएं करेले की सब्जी और भात खाकर ही सोती हैं. करेला खाने के बाद दिनभर प्यास कम लगने और मन शांत रहने से व्रत रखने वाली महिलाओं को एकाग्रता और ऊर्जा बनाए रखने में मदद मिलती है.




# कहानी तस्वीर की: पारंपरिक परिधानों में बच्चों ने मनाया पोला, की नंदी भगवान की पूजा





**डीबी डिजिटल मीडिया डौंडी**

ये तस्वीरें हैं आजाद पब्लिक स्कूल डौंडी की, जहां पर पोला उत्सव पारंपरिक तौर तरीके से मनाया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वेशभूषा पहनकर भगवान नंदी महाराज की पूजा अर्चना की। इस बीच बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया। स्कूल के कई बच्चे छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में ही पहुंचे हुए थे जो आकर्षण का केंद्र रहा। संस्कृति के संरक्षण का एक अनूठा प्रयास इस आयोजन के जरिए बच्चों और शिक्षकों ने किया।

# भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर का भाजपाइयों ने पुरूर में किया स्वागत अभिनंदन




**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा गठित नई टीम में कांकेर जिले के चारामा निवासी लोकप्रिय किसान नेता आलोक सिंह ठाकुर को किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका पदभार ग्रहण समारोह 23 अगस्त, शनिवार को सुबह 11 बजे रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित था। इसके उपरांत वे अपने गृह ग्राम जा रहे थे इस बीच उनका धमतरी के बाद बालोद जिले की सीमा पुरूर में आगमन हुआ। जहां पर भाजपा किसान मोर्चा और पुरूर भाजपा मंडल के द्वारा बस स्टैंड में उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा तोमन साहू, पुरुर मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पांडे, महामंत्री राकेश सिंह, यदिप साहू, संजय साहू, तेजराम, जिला पंचायत सदस्य प्रहलाद साहू,त्रिलोकी साहू, मिथलेश साहू, पोखन साहू, मेहता साहू, मीना साहू, कुमारी साहू ,सुरेंद्र तिवारी, सुरेंद्र साहू एवं समस्त कार्यकर्ता भाजपा मंडल पुरुर मौजूद रहे।

# बालोद जिले को मिली बड़ी सौगात



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा बालोद जिले के चार ग्रामों करहीभदर, कुलिया, सुरेगांव और जेवरतला में महतारी सदन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सफलता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के सतत प्रयासों और जिले के वरिष्ठ नेताओं की सामूहिक मांग का परिणाम है। हाल ही में जब उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा बालोद भाजपा जिला कार्यालय के दौरे पर आए थे, उस समय श्री देशमुख ने जिले के विकास कार्यों को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें महतारी सदन की मांग प्रमुख थी। मंत्री जी ने उस पर गंभीरता से विचार करते हुए इसे स्वीकृति देने का आश्वासन दिया था, जिसे अब मूर्त रूप दे दिया गया है।

**कहां कहां बनेंगे सदन**-बालोद ब्लॉक के करहीभदर, गुरूर के कुलिया, डौंडीलोहारा के सुरेगांव, और जेवरतला रोड में महतारी सदन बनेंगे। प्रत्येक महतारी सदन के लिए स्वीकृत राशि 30 लाख है। राज्य में कुल स्वीकृत महतारी सदन 166 हैं जिसके लिए कुल बजट 49.80 करोड़ है।

**महतारी सदन योजना की ये हैं विशेषताएं-निर्माण क्षेत्र- लगभग 2500 वर्ग फुट**-सुविधाएं- हॉल, कमरा, बरामदा, रसोईघर, स्टोर रूम, शौचालय, पेयजल हेतु ट्यूबवेल

**ये है उद्देश्य**- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें प्रशिक्षण, आजीविका व सामुदायिक सहयोग का मंच प्रदान करना

**भविष्य की योजना**-पहले चरण में प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। अगले 5 वर्षों में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने जताया आभार**-बालोद जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस स्वीकृति के लिए श्री विजय शर्मा तथा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख का आभार व्यक्त किया है। यह निर्णय न केवल जिले की महिलाओं को सशक्त बनाएगा, बल्कि बालोद के समग्र विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा।

# साइबर सेल बालोद व थाना बालोद से बनी थी विशेष टीम, दूसरे राज्य से साइबर अपराधियों को पकड़ने में लगातार मिल रही बालोद पुलिस को सफलता

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद



आईजी रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में, एसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में, एएसपी मोनिका ठाकुर व उप पुलिस अधीक्षक बालोद देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में थाना व साइबर सेल से एक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु नालंदा बिहार राज्य भेजा गया, टीम द्वारा नालंदा बिहार जाकर वहां कैम्प कर लोकल इंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से प्रकरण में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक व्यापारी प्रार्थी ने थाना आकर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका कन्नेवाडा में टाइल्स ,छड़ ,सीमेंट बिक्री का शॉप है, जिसे आरोपी द्वारा अपने आप को व्यापारी हूं ,कामधेनु छड़ को कम दाम में देने के नाम पर प्रार्थी को झांसा में लेकर अपने बंधन बैंक के फर्जी बैंक खाता में 2,67,875 रुपए अपने खाते में जमा कराकर प्रार्थी को समान नहीं देकर उसके साथ धोखाधडी किया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध धारा 317(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी द्वारा थाना बालोद और साइबर सेल से विशेष टीम बना कर प्रकरण के आरोपी को जल्द पकड़ने निर्देशित किया गया। प्रार्थी के बताए संदेही बैंक खाता का एनालिसिस करने पर खाता पटना, बिहार का होना पाया गया और रकम नालंदा एटीएम मशीन से निकलना पाया गया। बालोद पुलिस द्वारा रकम आहरण का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया गया। आरोपी के संबंध में संदेही बैंक खातों की जानकारी,केवायसी मोबाइल नम्बर इत्यादि तकनीकी जानकारी एकत्र कर आरोपी का पुख्ता जानकारी होने पर विशेष टीम को नालंदा बिहार रवाना किया गया था। टीम नालंदा बिहार पहुंच कर वहां कैंप कर लोकल संनसूचना पर लोकल पुलिस की मदद से संदेहियों की जानकारी प्राप्त कर आरोपी मोहन यादव को घेरा बंदी कर टीम ने प्रकरण में आरोपी को गांव पलनी थाना मानपुर जिला नालन्दा बिहार से विधिवत गिरफ्तार कर जिला बालोद लाया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। आरोपी के कब्जे से 04 नग मोबाइल,05 नग सिमकार्ड ,2 लाख नगदी रकम जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी मोहन यादव पिता ब्रम्हदेव यादव उम्र 29 साल ग्राम पलनी थाना मानपुर जिला नालन्दा बिहार का रहने वाला है। उक्त आरोपी को नालंदा बिहार से पकड़ने में मुख्य रूप से थाना प्रभारी बालोद से निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी स.उ.नि. धरम भुआर्य, सउनि सूरज साहू, प्रधान आरक्षक हरिश्चंद सिन्हा,रूम लाल चुरेंद्र, आरक्षक पुरण देवांगन, विपिन गुप्ता, राहुल मनहरे, संदीप यादव, भोप साहू,मिथिलेश यादव , गुलझारी साहू का विशेष सराहनीय योगदान रहा

## गोड़ेला स्कूल में हुआ पोला पर्व का आयोजन





डीबी डिजिटल मीडिया अर्जुंदा

शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला गोड़ेला के संयुक्त तत्वाधान में शाला में प्रतिभा त्रिपाठी के मार्गदर्शन मे पोला पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा □□नादिया बैल, जाता व मिट्टी के खिलौने बना के लाए गये तथा उसकी पूजा अर्चन कर पोला के बारे में संक्षिप्त जानकारी शाला प्रमुख रमेश कुमार हिरवानी के द्वारा दिया गया। बच्चों को बताया गया कि यह त्योहार भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाता है और विशेष रूप से किसानों द्वारा बैलों के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट करने के लिए समर्पित होता है। पोला मुख्य रूप से किसानों का त्योहार है, जो कृषि में बैलों की अहम भूमिका को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इसी दिन युवा कृष्ण ने राक्षस पोलासुर का वध किया था । इस खास दिन पर, हम बच्चों और पशुओं, दोनों के महत्व को याद करते हैं। पोला पर्व का नाम बैलों के गले में बाँधे जाने वाले लकड़ी के यंत्र 'पोला' से पड़ा है। खेती में जब बैलों को पहली बार हल चलाने के लिए लगाया जाता है, तो उनके गले में यह लकड़ी का जुआं (पोला) डाला जाता है। बच्चों ने इस त्यौहार के प्रति अपनी खुशी जाहिर की और साथ ही खुश्बू , वंदना, मीनाक्षी, शालिनी, आदि बच्चों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इस त्यौहार की पारंपरिक रूप से पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया । शाला के सभी शिक्षक शोभाराम देवांगन, प्रतिभा त्रिपाठी, सनत देशमुख द्वारा भी बच्चों के इस आयोजन की प्रशंसा की शाला में इसी तरह से हर पर्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी जाती है।

## छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से छत्तीसगढ़ व्याख्याता वाणिज्य विकास संघ ने की भेंट

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद





छत्तीसगढ़ के नए शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव का रविवार को छत्तीसगढ़ व्याख्याता वाणिज्य विकास संघ ने भेंट व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया व बधाई प्रेषित की। दुर्ग में आयोजित इस कार्यक्रम में संघ के प्रांताध्यक्ष विष्णु साहू के नेतृत्व में प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों ने इस दौरान शिक्षामंत्री का फूलमाला और गुलदस्तों से अभिनंदन किया गया। दुर्ग में स्थित कार्यक्रम के दौरान शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने सभी पदाधिकारियों तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना व सभी समस्याओं का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ व्याख्याता वाणिज्य विकास संघ के प्रदेश सचिव विवेक धुर्वे ने कहा शिक्षकों की बहुत सी समस्या है जिससे शिक्षक जूझ रहा है, सभी का निराकरण जल्द से जल्द हो हमे नये शिक्षा मंत्री जी से शिक्षा जगत में नया परिवर्तन की पूरी उम्मीद है। शिक्षा मंत्री के स्वागत में संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु साहू,प्रदेश सह उपाध्यक्ष श्रीमती गीता नायर,प्रदेश संरक्षक जगदीश दिल्लीवार, प्रदेश सचिव विवेक धुर्वे, दुर्ग जिला अध्यक्ष दिलेश्वर साहू, जिला सचिव मुकेश सहित अन्य मौजूद थे।

## फिटनेस का डेली डोज, बालोद पुलिस चला रही अनूठी मुहिम






डीबी डिजिटल मीडिया बालोद

फिट इंडिया मिशन के तहत बालोद पुलिस एवं बालोद शहर के वासियों द्वारा बालोद सिटी में साइकिल चला कर शरीर को फिट रखने फिटनेस का डेली डोज हेतु हेल्थी संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा जय स्तंभ चौक से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली ने पूरे शहर में भ्रमण कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर डेली साइकिल चलाने प्रेरित किया।सन्डे ऑन साइकिल रैली में अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा,कोतवाली थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा, ट्रैफिक प्रभारी नवीन बोरकर , साइबर प्रभारी धरम भूआर्य, डीएसबी प्रभारी रमेश निषाद एवं जिला बल बालोद के ऑफिस स्टाफ एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## वोकल फॉर लोकल- ग्राम ओरमा में बन रही सुंदर गणेश प्रतिमाएं

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद





बालोद ब्लॉक के ग्राम ओरमा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली के सहयोग से ग्लेज अन ग्लेज टेराकोटा प्रोडक्शन सेंटर स्थापित किया गया था। उस समय ओरमा सहित आसपास के कुंभकारों को हैण्डीक्राफ्ट पर प्रशिक्षण दिया गया था। ओरमा में आज भी दूसरी पीढ़ी के शिल्पी टेराकोटा हैंडीक्राफ्ट बना कर विक्रय कर रहे हैं। परियोजना अधिकारी एवं सोसायटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट के सचिव एस.के.खरे ने बताया कि वर्तमान समय में एडवांस ट्रेनिंग की आवश्यकता है ,ताकि स्थापित मशीनों का फिर से उपयोग किया जा सके। श्री एस.के.खरे के द्वारा आज भी शिल्पियों को डिजाइन डेवलपमेंट सहित मार्केटिंग में सहयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि अभी खेमलाल,घनश्याम ,राय सिंह ,कुलेश्वर ,मोहन लाल के द्वारा आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गई है। उन्होंने बालोद वासियों से अपील की है कि स्थानीय शिल्पियों को प्रोत्साहन देकर वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दीजिए


बधाई
हरियाली तीज का पावन त्योहार, लाए जीवन में खुशियों की बहार। शिव-पार्वती का वरदान मिले, आपको हरतालिका तीज की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।" -"हरतालिका तीज के पावन अवसर पर मैं आपके आनंदमय, धन्य और अद्भुत जीवन के लिए कामना करती हूँ..
दंतेश्वरी कुँवर निषाद
अर्जुन्दा, जिला बालोद


बधाई
"हरतालिका तीज के खूबसूरत अवसर पर मैं प्रार्थना करता हूं कि आपके और आपके जीवनसाथी के बीच प्रेम का बंधन हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता रहे। आपको हरतालिका तीज की हार्दिक शुभकामनाएं।"
प्रतिभा चौधरी
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बालोद


बधाई
"आपकी हरतालिका तीज रंगों और चमक, खुशियों और मुस्कुराहट, समृद्धि और सफलता से भरी हो। आपको हरतालिका तीज की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।"
धनेश्वरी नरेंद्र सिन्हा
पूर्व जिला पंचायत सभापति बालोद


बधाई
तीज के इस पावन अवसर पर आपको ढेर सारी बधाईयां। जिस प्रकार भगवान शिव और पार्वती में प्रेम है, उसी प्रकार आपके जीवन में भी प्रेम बना रहे..
दीपा साहू
अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा बालोद


NEWS
A Digital Media
बधाई
"मेहंदी से रंगे हाथ, चारों ओर रंग-बिरंगी लहरिया लपेटे, मानसून की बारिश में झूलते हुए। आपको उत्सव से भरपूर हरतालिका तीज की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।"
रानी राजेश कुमार सिन्हा
समाज सेविका
ग्राम सिर्राभाँठा
ब्लॉक गुंडरदेही
जिला बालोद छग.


NEWS
A Digital Media
बधाई
"हरतालिका तीज का यह त्यौहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि और अच्छाई लेकर आए। सभी को हरतालिका तीज की शुभकामनाएं।"
भारती देवी साहू
शिक्षिका
मानसरोवर कॉलोनी
पदुमनगर भिलाई 3
मूल निवास नर्रा बालोद


NEWS
A Digital Media
बधाई
आज प्रेम से बनाए गए भोज का आनंद लेने, भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने, उनका आशीर्वाद और प्रेम प्राप्त करने का दिन है। हरतालिका तीज की हार्दिक शुभकामनाएं।"
पूजा वैभव साहू
जिला पंचायत
सदस्य बालोद


NEWS
A Digital Media
बधाई
भगवान शिव और देवी पार्वती आपको और आपके परिवार को प्रेम, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद दे। हरतालिका तीज की हार्दिक शुभकामनाएं!
मंजू संजय बैस
सदस्य , जनपद
पंचायत डौंडी
(कुसुमकसा)










# वनांचल के स्कूल में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ साहसी को कलिंगा यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।** कलिंगा यूनिवर्सिटी ने 2024 में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों का सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्य वीर आर्य थे। अध्यक्षता संदीप गांधी कुल सचिव ने किया। विशेष अतिथि के रूप में अनिल कुमार प्रधान ,राजशेखर, प्रदीप आदि थे। इसी परिपेक्ष्य में वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी किल्लेकोडा में पदस्थ डॉक्टर बी.



एल.साहसी( व्याख्याता) को भी सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डॉक्टर साहसी को राजभवन में महामहिम राज्यपाल रेमेन डेका के कर कमलो द्वारा राज्यपाल पुरस्कार से 5 सितंबर 2024 को सम्मानित किया गया था। वनांचल क्षेत्र विकासखंड के अंतिम छोर में स्थित ग्राम किल्लेकोडा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ डॉक्टर साहसी जो कि अपने प्रयासों से किल्लेकोड़ा विद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ संपन्न कराते रहे हैं ,साथ में समाचार पत्रों के माध्यम से इसकी जानकारी पुरे विकासखंड को होता रहा है, उनके मार्गदर्शन में ही बेटी पढ़ाओ -बेटी बचाओ अभियान, जल संरक्षण, नशा मुक्ति व स्वच्छता अभियान को गति मिली। जो कि ग्राम किल्लेकोडा के लिए उपलब्धि रहा है। उनके द्वारा कोरोना काल से लेकर अब तक चार पुस्तकों की रचना की गई है जिनमें जल संरक्षण, बस्तर की क्रांतिकारी व वीरांगनाओं का इतिहास, राजनांदगांव रियासत के सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक इतिहास तथा अंजलि पत्रिका रहा है। उनकी इन्हीं सभी कार्यों के फलस्वरुप राज्य शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ था। कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा 22 अगस्त 2025 को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उनको सम्मानित किया गया।

**बच्चों को आगे लाने का इस तरह करते हैं प्रयास** -उनके द्वारा बच्चों के झिझक दूर करने के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता ,निबंध प्रतियोगिता ,तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन, विद्यालय व विकासखंड स्तर पर कराते रहे हैं, जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को हमेशा मिलता रहा है। 22 अगस्त 2025 में कलिंगा यूनिवर्सिटी द्वारा सम्मानित होने पर अजय मुखर्जी(प्राचार्य )वाय.एस. मरकाम (व्याख्याता) सी.जी. पटेल (व्याख्याता) जे.पी. बांधव(व्याख्याता), हेमेंद्र साहू (व्याख्याता) ,घनश्याम पटेल (व्याख्याता), त्रिजला ठाकुर मैडम, मुक्ति मैडम ,ललित देवहारी क्लर्क ,श्रवण यादव क्लर्क, खगेस ठाकुर कलर्क व कुशल देवदास तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निर्भय भंडारी, वीरेंद्र कुलहार्य, श्रीमती हेमलता विश्वकर्मा (सरपंच), चंद्रशेखर (उपसरपंच), गैंदलाल तारम (पूर्व सरपंच), राजाराम तारम (विधायक प्रतिनिधि), श्रीमती ललिता गांवरे (पूर्व सरपंच), उत्तरा बाई, रामेश्वरी देवी, रूकमणि देवी तथा ,परिवार की ओर से डॉक्टर वासुदेव साहसी (बड़े भैया).

# हजारों महिलाओं को ये दंपती करवाते हैं करू भात का भोज, गांव में बहन और भाभियों का करते हैं विशेष सम्मान

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

तीन दिनों के तीज का पर्व हरितालिका की शुरुआत करू भात भोज से आज प्रारंभ होने जा रहा है। शाम को तीजा का उपवास रखने वाली महिलाएं सामूहिक रूप से करू भात का सेवन करेंगे। पूरे जिले भर में यह तीज उत्साह के साथ मनाया जाता है साथ ही यह बहन और भाभियों के प्रति स्नेह को बढ़ावा देने का भी एक विशेष अवसर होता है । इस अवसर पर बालोद जिले में कुछ लोग स्वयं के खर्चे पर सैकड़ो, हजारों सुहागन महिलाओं को करू भात खिलाने की व्यवस्था करते हैं। आज हम उनमें से कुछ चुनिंदा दंपती के बारे में बता रहे हैं जो इस तरह का आयोजन वर्षों से करते आ रहे हैं। पहले बात करते हैं गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक अर्जुंदा निवासी कुंवर सिंह निषाद और उनकी पत्नी दंतेश्वरी निषाद की। जिनके द्वारा जब से वे विधायक बने हैं अपने पूर्व कार्यकाल के समय से हर वर्ष अपने गृह नगर अर्जुंदा में तीज महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस बार भी उनके द्वारा दो दिवसीय तीज महोत्सव करवाया जा रहा है |जो 25 और 26 अगस्त को होगा। विधायक द्वारा इस अवसर पर 25 अगस्त को शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तीजहारीन माता बहनों के लिए करू भारत का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल प्रांगण अर्जुंदा में किया गया है। जहां करू भात के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी होगी। जिसमें विभिन्न पुरस्कार भी रखे गए हैं। 26 अगस्त मंगलवार को फुगडी, कुर्सी दौड़, सुई धागा, मटका फोड़, गोली चम्मच, रस्सा खींच, रंगोली, मेहंदी, मटका दौड़, कबड्डी आदि आयोजन रखे गए हैं । 26 अगस्त की रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत ही राकेश साहू कृत संगी के मया सांस्कृतिक कार्यक्रम गुण्डरदेही की प्रस्तुति भी होनी है। इस पूरे आयोजन के आयोजक विधायक कुंवर सिंह निषाद व नव नंगारा पाठ युवा समिति एवं समस्त नगर वासी अर्जुंदा हैं। विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा किए जाने वाले तीज महोत्सव में हजारों महिलाएं भाग लेती हैं। इस बार भी दो दिवसीय आयोजन की वृहद तैयारी की गई है ।






## कुसुमकसा में जनपद सदस्य देते हैं श्रृंगार सामग्री

इसी तरह कुसुमकसा के एक जनपद सदस्य हैं मंजू संजय बैस और उनके पति समाजसेवी पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस, इनके द्वारा भी करीब 7 सालों से जब उनके पति संजय बैस स्वयं जनपद सदस्य थे, तब से करू भात और तीजहारीन महिलाओं को साड़ी और श्रृंगार सामग्री भेंट करने की पहल की जा रही है। पिछले साल 650 महिलाओं को उनके द्वारा करू भात का सेवन करवा कर श्रृंगार सामग्री भेंट की गई थी इस बार भी आयोजन की वृहद तैयारी की गई है। जनपद सदस्य श्रीमती बैस ने बताया कि महिलाओं के लिए करू भात की व्यवस्था कर उन्हें श्रृंगार सामग्री भेंट कर हमें बहुत खुशी मिलती है। सुहागिन महिलाओं का आशीष हमें मिलता है और इसी का प्रताप रहा है कि पिछले पंचवर्षीय मेरे पति जनपद सदस्य थे और अब मैं जनपद सदस्य चुनाव जीतकर आई हूं। ज्ञात हो कि दोनों पति-पत्नी समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहे हैं तो वहीं क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने में भी हमेशा तत्पर रहे हैं। तीज महोत्सव में श्रृंगार सामग्री पाकर सुहागिन महिलाएं काफी प्रसन्न होती हैं। स्थानीय लोगों की मदद से जनपद सदस्य और उनके परिवार के लोग सामूहिक रूप से महिलाओं को करू भात परोस कर खिलाते हैं।

## सिर्राभांठा में आयोजन का पांचवा वर्ष

इसी तरह गुण्डरदेही ब्लॉक का एक गांव है सिर्राभांठा ,जहां रहते हैं समाज सेवी राजेश सिन्हा और उनकी पत्नी रानी सिन्हा, इनके द्वारा भी विगत कई वर्ष से गांव की बहनों और भाभियों को लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में करू भात खिलाया जाता है। सोमवार को शाम 6 बजे इस बार भी यह आयोजन किया गया है। जहां गांव में दूर दराज अपने ससुराल से मायके आने वाली बहाने सहेलियां साथ मिलते हुए इस आयोजन में शामिल होती हैं। राजेश सिन्हा का कहना है कि मेरे गांव में मिलन समारोह के रूप में यह आयोजन करता हूं। यह कार्यक्रम का पांचवा वर्ष है। उन्होंने सभी बहनों और भाभियों को निवेदन किया है कि इस आयोजन में हिस्सा लेकर इसे सफल जरूर बनाएं।



# विश्व बंधुत्व दिवस पर 25 अगस्त को एक दिवसीय रक्तदान शिविर शासकीय जिला अस्पताल बालोद में

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में पत्रकारों द्वारा ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी को श्रद्धांजलि दी गई। गौरतलब है कि ब्रह्माकुमारीज माउंट आबू की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी के स्मृति दिवस 25 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में पूरे विश्व भर में मनाया जाता है जिसके तहत संस्था द्वारा अलग अलग जन कल्याण कार्य किए जाते हैं।इस वर्ष भी दादी जी के 18वीं स्मृति दिवस पर 22 से 25 अगस्त तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पूरे भारत एवं नेपाल देश में किया जा रहा है, जिसमें संस्था द्वारा 1 लाख यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। विशेष बात यह है कि केवल दो दिनों में ही 50 हजार यूनिट तक का लक्ष्य संस्था द्वारा हासिल कर लिया गया है। इसी के तहत आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद सेवा केंद्र द्वारा भी 25 अगस्त को एक दिवसीय रक्तदान शिविर शासकीय जिला अस्पताल बालोद में रखा गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आसपास के गांव सहित नगर के सभी भाई बहने स्वेच्छा से रक्तदान करने सादर आमंत्रित हैं। आमापारा बालोद स्थित आत्मज्ञान भवन में 21 अगस्त से दादी जी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम अनवरत चल रहा है जिसके तहत रविवार को सभी मीडिया सहयोगी भाई बहनों का आगमन हुआ। बीके सरिता दीदी ने सभी को अध्यात्म का ज्ञान देते हुए आत्मा परमात्मा एवं राजयोग का सारगर्भित परिचय कराया एवं राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति भी कराई। राजयोगिनी बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी को दादी प्रकाशमणि जी के व्यक्तित्व के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल्य काल से ही दादी का झुकाव आध्यात्मिक के प्रति रहा। संस्था की शुरुआत 1936 में दादी जी संस्था के साकार संस्थापक ब्रह्मा बाबा के साथ-साथ रहकर 14 वर्षों तक सिंध हैदराबाद में तपस्या की एवं 1950 में भारत लौटने के बाद 1952 से माया नगरी मुंबई में आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश फैलाए। ब्रह्मा बाबा के देह त्याग करने के पश्चात 1974 से इस आध्यात्मिक ज्ञान को पूरे विश्व के 140 देशों तक फैलने के लिए आप ही निमित्त बनी। इस प्रकार भारत में प्रज्वलित इस आध्यात्मिकता के प्रकाश को पूरे विश्व तक फैलाने में दादी जी की मुख्य भूमिका रही। अंत में बृजेश पांडे ,टीकम पिपरिया , जुनैद कुरैशी ,परस साहू, उपाध्याय ने संस्था के साथ का अनुभव साझा किया एवं संस्था द्वारा किए जा रहे मानव कल्याण कार्यों को याद करते हुए संस्था की खूब सराहना की। इस अवसर पर रूपचंद जैन , किशोर साहू , उत्तम साहू , दिलेश्वर देवांगन, दुर्गाशंकर साहू , खिलावन प्रसाद चंद्राकर, मीनू साहू , जितेंद्र साहू, भोपसिंह साहू, बीके तरुण साहू, बीके खिलावन साहू, बीके जागेश् भुआर्य एवं बीके मनीष वैदे उपस्थित थे।






## दर्रा में हुआ कबड्डी का आयोजन

**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर।** ग्राम दर्रा में एक दिवसीय कब्बड्डी का आयोजन रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुरुर के सभापति तारा देवी ताम्रध्वज यादव थे। अध्यक्षता भाजपा मंडल गुरुर के महामंत्री ताम्र ध्वज यादव ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच पूजा ठाकुर, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष आत्मा राम साहू, सफल कृषक गजानंद साहू, राजू भैया सहित सभी पंच गण एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# एक परंपरा ऐसी भी: लिंगो बाबा को अर्पित करते हैं शराब,आदिवासी के देवताओं को मानते हैं यहां पूरा गांव

कंटेंट- दीपक यादव/ तस्वीरें-संतोष साहू (डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/गुण्डरदेही)।



लाल घेरे में देखिए अर्पित की गई शराब



सारे कामकाज बंद कर पूजा में एकत्रित हुए ग्रामीण



बिरसा मुंडा ग्रुप के युवतियों ने प्रस्तुत किया आदिवासी नृत्य



सारे कामकाज बंद कर पूजा में एकत्रित हुए ग्रामीण

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिचबोड़ एक ऐसा गांव है, जहां सभी ग्रामीण आदिवासी के देवी देवताओं को मानते हैं। भले ही यहां आदिवासी सहित अन्य समाज और समुदाय के लोग निवासरत हैं पर आदिवासी के देवी देवताओं में शामिल लिंगो देवता और गढ़िया बाबा यहां के सभी ग्रामीणों के लिए पूजनीय है। इसी क्रम में पूर्वजों से यहां एक विशेष परंपरा चली आ रही है, जिसके तहत पोला तिहार के दूसरे दिन गांव में सीमा पर स्थापित लिंगो देव और गढ़िया बाबा की सामूहिक पूजा अर्चना ग्रामीणों द्वारा की जाती है। रविवार को यह विशेष आयोजन हुआ। जिसके तहत गांव वासियों ने अपने सभी कामकाज खेती किसानी आदि बंद रखकर त्यौहार मनाया और सभी गढ़िया बाबा और लिंगो देव के समक्ष पहुंचे और वहां विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। यह पूजा अर्चना गांव की सुख समृद्धि की कामना और समस्याओं के दैविक समाधान के उद्देश्य से की जाती है ताकि गांव में किसी तरह की कोई बाधा या विपत्ति ना आए, गांव की खुशहाली बरकरार रहे।

अब इसे अंधविश्वास कहे या आस्था लेकिन आज भी यह परंपरा 2025 के आधुनिक दौर में भी कायम है। यहां के ग्रामीणों में राजकुमार, सुरेश गेंड्रे, रोहित देवांगन, सरपंच भागवत साहू, रामदेव साहू आदि ने बताया कि यह परंपरा अभी से नहीं हमारे पूर्वजों से चली आ रही है। कब से यह शुरू हुआ इसके बारे में तो हम कुछ कह नहीं सकते लेकिन पीढ़ी दर पीढ़ी इस परंपरा को सभी निभा रहे हैं और आने वाली पीढ़ी भी गांव में लिंगो बाबा और गढ़िया देव के पूजने की प्रथा को जारी रखने की बात कहते हैं। इस आयोजन में सिर्फ आदिवासी नहीं बल्कि सभी समाज के लोग मिलकर हिस्सा लेते हैं। रविवार को गांव के ही बिरसा मुंडा ग्रुप के युवतियों द्वारा आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति करते हुए गली भ्रमण किया गया और पूजा स्थल पर जाकर सभी ने सामूहिक पूजा अर्चना की। खास बात यह है कि इस पूजन के दौरान ग्रामीणों द्वारा अपनी आस्था स्वरूप जय लिंगों डोकरा बाबा को देसी महुआ और देसी शराब तक भी चढ़ाया गया था। यह प्रथा हालांकि आदिवासी देवी देवताओं के पूजन के दौरान देखने को मिलता ही है। अपनी अपनी आस्था के अनुरूप लोग देवी देवताओं को शराब अर्पित करते हैं

## शासकीय प्राथमिक शाला आलीखूंटा में भूतपूर्व छात्रों की अनुकरणीय पहल बनी प्रेरणा

डीबी डिजिटल मीडिया बालोद





शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला आलीखूंटा के भूतपूर्व छात्र लगातार छह वर्षों से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। भूतपूर्व छात्रों में प्रमुख रूप से लोमस कुमार मनकुपिया, मोहन सिन्हा, डेमेंद्र भूआर्य एवं वेद प्रकाश उर्वशा ने मिलकर हर वर्ष विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई है। जिसमें सत्र 2020-21 : बच्चों के लिए पेंसिल एवं नोटबुक,

सत्र 2021-22 : अभिव्यक्ति कौशल विकास हेतु साउंड सिस्टम (स्ट्रेंजर बॉक्स), सत्र 2022-23 : जूते-मोजे, टाई-बेल्ट, कलर बुक व पेंसिल,सत्र 2023-24 : जूते-मोजे एवं नोटबुक,

सत्र 2024-25 : जूते-मोजे एवं स्वेटर, अब सत्र 2025-26 में जूते-मोजे, टी-शर्ट एवं लोवर दिए हैं।

इस सतत सहयोग से न केवल विद्यार्थियों को पढ़ाई में सुविधा और प्रोत्साहन मिला है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और विद्यालय में उनकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि यह पहल उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय कर रही है।

इस कार्य में सहायक शिक्षक परमानंद साहू ने नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए भूतपूर्व छात्रों से समन्वय कर योजनाबद्ध रूप से इस पहल को मूर्त रूप दिया। अंत में इस प्रकार के सहयोग के लिए संस्था प्रमुख लैलेश्वरी कलियारी ने आभार व्यक्त किया। साथ ही शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष गुप्ता, ग्राम पटेल विमल किशोर साहू, पालक प्रतिनिधि नंदूराम जमदार, किशोरीलाल उर्वशा एवं सदनू राम भूआर्य ने भी भूतपूर्व छात्रों की सोच एवं कार्यों की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया। यह पहल न केवल आलीखूंटा के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है और संदेश देती है कि "जब पूर्व छात्र अपने विद्यालय से जुड़े रहते हैं, तभी शिक्षा का वास्तविक स्वरूप समाज में उजागर होता है।

## शिक्षा में नवाचार के लिए कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर राजधानी में धर्मेंद्र कुमार श्रवण हुए अलंकृत

डिजिटल मीडिया बालोद

राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह वर्ष 2024 के सभी राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकवृंदों को हर्षमयी उल्लास के साथ सभागार में सुवासित वातावरण में सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ के जाने माने वर्ष 2013 में स्थापित बहुआयामी प्रतिष्ठित कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलसचिव डॉ.संदीप गांधी एवं गोल्ड फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं महासचिव कलिंगा की शान एवं गोल्फ की जान कलिंगा यूनिवर्सिटी के द्रोणाचार्य आर्यवीर आर्य पटल को सुशोभित करने वाले साथ ही साथ समर्पित खिलाड़ी विजय रथ पर पताका फहराने वाले मुख्य अतिथि, एम डी फाउंडेशन सरायपाली छत्तीसगढ़ के चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार प्रधान, अन्य विशिष्ट जन रविंद्र, राजशेखर एवं प्रदीप की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा प्रदेश भर के 40 से अधिक गणित सेजस खलारी को शिक्षा में नवाचार, शैक्षिक शोध, अनुसंधान, सृजनात्मक कार्य एवं शैक्षिक गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए शैक्षणिक




राज्यपाल पुरस्कृत वर्ष 2024 बैच के प्रबुद्ध विद्वतजन शिक्षकों को शॉल, पेन व आकर्षक डायरी पैकेज से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रदेश भर के लब्धवान एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रदान किया। इस क्रम में बालोद जिला से धर्मेंद्र कुमार श्रवण व्याख्याता क्षेत्र के साथ-साथ साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं बहुआयामी प्रतिष्ठित संस्थान में आपकी उत्कृष्टता और भावी पीढ़ियों के निर्माण में उल्लेखनीय सेवा के लिए कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर गर्व से इस पुनीत स्वर्णिम बेला पर उन्हें अलंकृत किया गया।

संपादकः माधुरी दीपक यादव, सलाहकार संपादक-यशवंत पुरी गोस्वामी, उप संपादक- मधू दीपक देवदास,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - मुनेंद्र यादव